सेब

मिट्टी एवं जलवायु

मिट्टी:

सेबों का अच्छीि तरह से सूखी, दोमट मिट्टी जिसकी गहराई 45 से.मी. और पीएच की पीएच सीमा 5.5-6.5 हो , पर उत्तंम पैदावार होती है। मिट्टी हार्ड अध:स्त र और जल-मग्न परिस्थितियों से मुक्त होनी चाहिए। भारी मित्तिका वाली मिट्टियों अथवा कॉम्पैरक्टि अधोभूमि से बचना चाहिए।

जलवायु :

सेब एक शीतोष्ण फल फसल है। तथापि, भारत में सेब उत्पा दन क्षेत्र शीतोष्णन कटिबंध क्षेत्र में नहीं आते हैं परन्तुर इस क्षेत्र की प्रचलित समशीतोष्ण जलवायु हिमालयी पर्वतमालाओं और ऊँचे स्थाानों के कारण है। सक्रिय विकास अवधि के दौरान गर्मियों में औसत तापमान लगभग 21-24 डिग्री सेल्सियस होना चाहिए। सेबों की उन क्षेत्रों में उत्तेम पैदावार होती है जहां पेड़ सर्दी में निर्बाध आराम और अच्छेल रंग विकास के लिए प्रचुर मात्रा में धूप अनुभव करते हैं। यह समुद्र तल से 1500-2700 मीटर की ऊंचाई पर उगाये जा सकते हैं। सम्पूर्ण विकास मौसम में 1000-1250 मि.मी. सु-वितरित वर्षा सेब के पेड़ों की सर्वोत्तम वृद्धि और परिपूर्णता के लिए सबसे अनुकूल है।